तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 12 मार्च 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



**खबर संक्षेप**

### ट्रक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** हाईवा ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति के घायल होने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि बिरकोनी निवासी नरेंद्र चंद्राकर 23 दिसंबर 2025 को अपनी बाइक सीजी 06 जीडी 3165 से बेलसोंडा सोसायटी से काम करके अपने घर ग्राम बिरकोनी जा रहा था। दोपहर करीब 3.30 बजे रायपुर रोड धरमकांटा के आगे ग्राम बेंलसोंडा पहुंचा था तभी ग्राम घोडारी की तरफ से आ रहे हाईवा क्र. सीजी 04 क्यूजे 9772 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये लाकर मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से नरेंद्र के दाहिने पैर में चोट लगी। प्रार्थी द्वारा 11 मार्च को सिटी कोतवाली में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है, जिसके तहत धारा 125(ए), 281 बीएनएस कायम किया गया है।

### उधार का पैसा वापस मांगने पर दुकानदार से मारपीट

**महासमुंद।** उधारी का पैसा वापस मांगने पर दुकानदार से चार लोगों ने मारपीट कर दी।



बसना पुलिस को पंकज अग्रवाल पिता राजकुमार अग्रवाल (29 साल) वार्ड नं 9 बसना ने बताया कि उसकी किराना व डेली नीड्स की दुकान है। करीब एक साल पहले उसने भतीजा हिमांशु अग्रवाल को 4 लाख 91हजार रुपए उधार दिया था। उधार का पैसा वापस मांगने पर वह टालमटोल करता था। 10 मार्च को जब उसने अपने भतीजे हिमांशु अग्रवाल से उधार का पैसा वापस मांगा तब उसके साथ आरोपी संतोष अग्रवाल, लक्ष्मी बाई अग्रवाल, तानिया अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आई प्रार्थी की पत्नी और मां के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मारपीट के मामले में चार के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम जबलपुर में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि जबलपुर के धनीराम राणा के साथ उसके बेटे तुकाराम राणा, सिंधु राणा, प्रताप राणा, सुनील राणा ने मारपीट कर दी। इस दौरान बीच बचाव करने पर प्रार्थी के छोटे लड़के के साथ तुकाराम ने मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# शहर में आज से मिलेगा तीन टाइम पानी, हुआ निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहरवासियों को अब गर्मी के मौसम में पानी की समस्या से राहत मिलेगी। नगर पालिका द्वारा आज 12 मार्च से प्रतिदिन तीन समय पानी की आपूर्ति करने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय नगर पालिका कार्यालय में आयोजित बैठक में पालिकाध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में सभापति और पार्षदों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से लिया गया।

बैठक में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह तय किया गया कि शहर में प्रतिदिन सुबह 6 बजे, दोपहर 2 बजे और शाम 7 बजे जलापूर्ति की जाएगी। नगर पालिका का मानना है कि गर्मी के मौसम में पानी की खपत बढ़ने के कारण यह व्यवस्था नागरिकों के लिए राहत भरी साबित होगी।

पालिकाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि अभी से तेज गर्मी का अहसास होने लगा है और घरों में पानी की खपत बढ़ गई है। ऐसे में दिन में तीन बार पानी मिलने से नागरिकों को पेयजल और निस्तारी जल के लिए परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि नगरवासियों को शुद्ध पानी उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है और इसके लिए कार्ययोजना बनाकर काम किया जा रहा है।

**पालिकाध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में बैठक, नागरिकों से टुल्लू पंप नहीं लगाने की अपील**

#### होगी कार्रवाई भी

पालिका प्रशासन ने कहा है कि पानी का उपयोग सोच-समझकर करें और नलों में टुल्लू पंप लगाकर पानी न खींचें। ऐसा करने से अन्य घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता और लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि टुल्लू पंप के उपयोग की शिकायत मिलने पर पंप जब्ती और नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी।



#### बैठक में रहे मौजूद

बैठक में प्रमुख रूप से सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, जय देवांगन, गुलशन साहू, सूरज नायक, पार्षद मुस्ताक खान, ओमिन टोमन कागजी, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, राहुल आवड़े, धनेश्वरी सोनाधार सोनवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**क्राइम : जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गांजा के अवैध परिवहन के मामलों में कार्रवाई**

# गांजा तस्करी के दो मामलों में नाबालिग सहित तीन लोगों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में गांजा के अवैध परिवहन के दो मामलों में पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से करीबन 1,47,500 रुपए का गांजा बरामद किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स एवं थाना सरायपाली और पटेवा द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सरायपाली पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से ओडिशा की ओर से अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर सरायपाली की ओर आ रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने संदेही को रोका, जिसने पूछताछ में अपना नाम कृष्ण चंद्र राणा पिता स्व कार्तिक राणा (22 वर्ष) निवासी बालीगुडा ओडिशा का होना बताया। इस दौरान रोपी के कब्जे से 5 किलो 329 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत एक लाख रुपए और बाइक को जब्त किया गया।



इसी तरह पटेवा पुलिस ने एनएच 53 मेन रोड बोडरा चौक पर एक स्कूटी को रोका। जिसमें संदेहियों से पूछताछ की गई, जिस पर एक ने अपना नाम ऋषभ बघेल पिता स्व विजय बघेल (23 साल) वार्ड नं 53 संतोषी नगर टिकरापारा थाना टिकरापारा होना बताया तथा दूसरा संदेही नाबालिग था। आरोपियों के कब्जे से 950 ग्राम गांजा कीमत करीबन 47500 और बिना नंबर की स्कूटी को जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



### नशीली दवा का अवैध परिवहन एक आरोपी गिरफ्तार

जिले की पुलिस ने अवैध नशीली दवा की बिक्री व परिवहन करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते बसना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे नशीली दवा बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक टॉस्क फोर्स द्वारा अवैध प्रतिबंधित नशीली दवाई की तस्करी पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। इसी के तहत जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेकिंग की जा रही है। 10 मार्च को मुखबीर सूचना पर संतोष पोर्ते पिता कार्तिक राम पोर्ते (31 साल) निवासी भुलका सरायपाली थाना बसना जिला महासमुंद छग के कब्जे से विसेरेक्स कफ सिरप कुल 07 नग कीमत 1424.08 रुपए, नाइट्रोजेपम टैबलेट 30 स्ट्रिप कीमत 2193.9 रुपए, पेंटाजोसिन इंजेक्शन कुल 69 नग कीमत 4140 रुपए, एक मोटर सायकल कीमत 70000 रुपए कुल 77757.98 रुपए को बरामद किया गया।

### 50 हजार लेकर भागे झपटमार को पुलिस ने दबोचा

जिला सहकारी बैंक से पैसा निकालकर जा रहे एक व्यक्ति से 50 हजार छीनने के मामले में सरायपाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि प्रार्थी भोजराज पटेल पिता कुरसो पटेल (43 वर्ष) ग्राम रिमजी थाना सिंघोड़ा ने थाना सरायपाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थ कि वह अपने पिता कुरसो पटेल की मोटरसाइकिल से धान की बोनस रकम निकालने जिला सहकारी बैंक सरायपाली आया था। इसी दौरान फव्वारा चौक के पास दो अज्ञात व्यक्ति उससे 50 हजार रुपये को छीन कर भाग निकले। मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरूद्ध धारा 304(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की। सरायपाली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण का सहारा लिया एवं मुखबिर की सूचना पर बताए स्थान ग्राम माधोपाली में पहुंच कर घेराबंदी करते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ करने पर अपना नाम विक्रम उर्फ वरुण बंछोर पिता रेवा शंकर (20 साल) ग्राम माधोपाली हाल निवास वार्ड नंबर 12 बाजार पारा सरायपाली होना बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से 50 हजार रुपये व पासबुक बरामद किया। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि बैंक से बड़ी राशि निकालते समय सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तत्काल दें।

### बांध के पास जुआ खेल रहे सात लोगों के विरूद्ध कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने सोनदादर बांध के पास जुआ खेल रहे सात लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर करण ध्रुव पिता स्व शंकर ध्रुव (24 वर्ष) मौलीमुड़ा थाना बागबाहरा के पास से 1000 रुपए फड़ से 2500 रुपए कुल 3500 रुपए, गामा राजपूत पिता रामकृपाल राजपूत (42 वर्ष) सुनसुनिया थाना बागबाहरा के पास से 500 रुपए एवं फड़ से 1500 रुपए कुल 2000 रुपए तथा एक सैमसंग कंपनी का टच स्क्रीन मोबाईल कीमत 8000 रुपए कुल 10000 रुपए, सेवक ध्रुव पिता इच्छाराम ध्रुव (36 वर्ष) जुनवानी खुर्द के पास से 700 रुपए एवं फड़ से 1300 रुपए कुल 2000 रुपए एवं एक रेडमी कंपनी का टच स्क्रीन मोबाईल 5000 रुपए कुल 7000 रुपए, भुनेश पटेल पिता जोहन लाल पटेल (35 वर्ष) एमकेबाहरा के पास से 800 रुपए एवं फड़ से 700 रुपए कुल 1500 रुपए, रज्जाक खान पिता हारून खान (35 वर्ष) वार्ड नं 09 पिथौरा रोड बागबाहरा के पास से 1200 रुपए एवं फड़ से 800 रुपए कुल 2000 रुपए, अजहर अली पिता अजीज अली (28 वर्ष) वार्ड 01 भानपुर थाना बागबाहरा के पास से 1000 से एवं फड़ से 1500 रुपए कुल 2500 रुपए एवं एक वीवो कंपनी का मोबाईल 10000 रुपए कुल 12500 रुपए, सोनू साहू पिता स्व सीताराम साहू (35 वर्ष) वार्ड नं 08 मेन रोड बागबाहरा के पास से 470 रुपए एवं फड़ से 700 रुपए कुल 1170 रुपए एवं एक लावा कंपनी का की-पेड मोबाईल कीमत 1000 रुपए कुल 2170 रुपए एवं एक नग मोटर सायकल किमती 40000 रुपए एवं 02 नग स्कूटी 100000 रुपए कुल कीमत 1,78,670 रुपए रुपए बरामद किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 4 छग जुआ (प्रतिषेध) अधि 2022, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### विश्व प्लंबर दिवस पर ग्राम तमोरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित जल संरक्षण का लिया गया संकल्प

**महासमुंद।** जल उत्सव पखवाड़ा के चतुर्थ दिवस के अवसर पर विकासखंड बागबाहरा के ग्राम तमोरा में विश्व प्लंबर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक तथा जल प्रबंधन में प्लंबरों की भूमिका को बताया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत तमोरा के सरपंच सेवाराम साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष पीला राम साहू, सक्रिय महिला हेमबाई ध्रुव, उपसरपंच भागीरथी साहू सहित महिला समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यरत पंप ऑपरेटर राजेंद्र यादव को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभाग की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए जल बचाने की शपथ दिलाई गई। साथ ही पाइप लाइन में होने वाले जल रिसाव को रोकने के लिए लीकेज मरम्मत का डेमो भी प्रस्तुत किया गया, जिससे ग्रामीणों को पानी की बर्बादी रोकने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला समन्वयक निलेश देवांगन, हितेश प्रधान एवं प्रतिभा साहू उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को जल संरक्षण का महत्व बताते हुए पानी बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को यह संदेश दिया गया कि जल एक अमूल्य संसाधन है और इसके संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है।

# हिंदू नववर्ष पर 19 को शहर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हिंदू नववर्ष पर चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर हिंदू नववर्ष उत्सव समिति महासमुंद द्वारा 19 मार्च गुरुवार को शारदा मंदिर तुमगांव रोड महासमुंद से 4 बजे भव्य शोभायात्रा निकालने की तैयारी है। तत्संबंध में हिंदू नववर्ष उत्सव समिति को बैठक आयोजित हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य शोभा यात्रा, आतिशबाजी व भजन मंडलियों व आकर्षक झांकी के साथ शोभा यात्रा निकाली जाए। बैठक में प्रमुख रुप से विक्रम सिंह ठाकुर, हेमंत बघेल अमन चंद्राकर, गणेश नायक, राजू चंदेल, टेकराम सेन, विजय चंद्राकर, भरत साहू, नीरज वर्मा (पप्पू), नितेश श्रीवास्तव, राजू दीवान, उमेन्द्र गिरि, योगेश्वर गिरि ने अपने विचार रखते हुये कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिये सघन जनसंपर्क करते हुए धन राशि की व्यवस्था की जाए एवं शहर सहित आसपास के लोगों को जोड़ते हुए उक्त उत्सव को अधिक भव्य रुप देने की बात कही गई है।



आयोजन समिति की ओर से जानकारी देते हुए टेकराम सेन ने बताया कि शारदा मंदिर तुमगांव रोड से गुलशन चौक, एकता चौक, ओवरब्रिज होते हुये विविध कार्यक्रमों के साथ शोभायात्रा बग्गा स्टोर्स चौक, स्वामी चौक, कांग्रेस भवन चौक, कचहरी चौक से मां दुर्गा भवानी मंदिर बरोंडा चौक से शोभा यात्रा का समापन होगा। सभी चौक चौराहों पर भव्य स्वागत एवं आतिशबाजी की जाएगी। इस अवसर पर सुआ नृत्य (आरंग), पंथी नृत्य, राऊत नाचा मां शांकभरी रोड शो भिलाई की आकर्षक प्रस्तुति, महाकाल आरती समिति द्वारा भव्य डमरु वादन, विविध भजन मंडलियों द्वारा भजन, गुरुकुल आश्रम कोसरंगी एवं सरायपाली से संकीर्तन मंडली की प्रस्तुति विहंगम वातावरण तैयार करेगा। हिंदू नववर्ष उत्सव समिति की ओर से विक्रम सिंह ठाकुर, हेमंत बघेल, अमन चंद्राकर ने अपील की है कि उक्त कार्यक्रम की सफलता के लिए तन, मन धन से सहयोग प्रदान करते हुए हिंदू नववर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सहयोगी बनते हुए सनातन परंपरा को आगे बढ़ाने में योगदान दें।

**कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली निर्माण एजेंसियों की बैठक, दिए दिशा-निर्देश भी**

# इंजीनियर फील्ड में जाकर करें वास्तविक मूल्यांकन: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु कलेक्टर विनय लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्माण एजेंसियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली तथा संबंधित एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार उपस्थित थे। बैठक में आरईएस, लोक निर्माण विभाग, पीएचई, पीएमजीएसवाई, हाउसिंग बोर्ड सहित विभिन्न विभागों के कार्यपालन अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी, उपयंत्री, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी तथा सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर लंगेह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इंजीनियर नियमित रूप से फील्ड में जाकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण और मूल्यांकन करें। उन्होंने कहा कि केवल कार्यालय में बैठकर मूल्यांकन करने के बजाय स्थल पर जाकर कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, अप्रारम्भ कार्यों को प्रारम्भ करने तथा लंबे समय से अप्रारंभ कार्यों को निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों द्वारा कार्य के दौरान मजदूरों की सुरक्षा और आवश्यक सावधानियों का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।



बैठक में कलेक्टर ने शहरी क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में लंबे समय से अप्रारंभ निर्माण कार्यों को निरस्त कराने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल के प्रमाणन की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने, पाइपलाइन बिछाने के दौरान खोदे गए गड्ढों को भरने तथा क्षतिग्रस्त स्थानों की मरम्मत करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या के लिए त्वरित कार्रवाई करने कहा। उन्होंने पीएचई विभाग को सभी हैंडपंप मैकेनिक को तैयार रखने और हैंडपंप की रिपेयरिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभी से सभी को पेयजल मिले यह सुनिश्त करें। उन्होंने बरसाती नालों के कारण स्कूल एवं स्वास्थ्य सुविधा में आने वाली अड़चनों के लिए अभी से प्राक्कलन बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनमन आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों में प्राथमिकता से पेयजल उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। इसके अलावा मनरेगा के अंतर्गत किए गए कार्यों का भुगतान शीघ्र कराने, सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में मध्य क्षेत्र प्राधिकरण तथा आदिवासी क्षेत्र प्राधिकरण के अपूर्ण निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जल संसाधन विभाग, हाउसिंग बोर्ड तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित निर्माण कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की गई।



### होटलों-ढाबों की जांच, 29 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**महासमुंद।** व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग की जांच के लिए खाद्य विभाग की टीम द्वारा आज महासमुंद नगर के होटलों और ढाबों में औचक निरीक्षण किया गया। खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि संचालक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार टीम द्वारा नगर में संचालित विभिन्न होटल, ढाबा और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों के उपयोग की जांच की गई। जांच के दौरान सोनी मिष्ठान भंडार से 10, नेमी भोजनालय से 5, सीमांचल होटल से 5, आरोग्य अमृततुल्य चाय सेंटर से 2, प्रांजल इडली सेंटर से 2, पिज्जा गेलेरी से 1, अमय डोसा सेंटर से 1, टेस्ट ऑफ पंजाब रेस्टोरेंट से 1, चाय एंड चिल रेस्टोरेंट से 1 तथा एस सेंडविच सेंटर से 1 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया। इस प्रकार कुल 29 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। खाद्य विभाग के अनुसार संबंधित प्रतिष्ठानों द्वारा द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है। जब्त किए गए सिलेंडरों के संबंध में प्रकरण कलेक्टर न्यायालय महासमुंद में प्रस्तुत किया जाएगा। जांच दल में सहायक खाद्य अधिकारी हरीश सोनेश्वरी, मनीष यादव तथा खाद्य निरीक्षक सुशील शर्मा, अविनाश दुबे और दिव्यांशु देवांगन शामिल थे।

**खबर संक्षेप**

### अवैध व्यापार को रोकने मंडी के बेरियर में वाहनों की कर रहे तलाशी



**जगदलपुर।** अवैध व्यापार धान और अन्य उपजों के अवैध परिवहन को रोकने के लिए, मंडी के बेरियर (नाकों) पर कृषि उपज मंडी के कर्मचारी सक्रिय हैं। इन चेकिंग अभियानों में संदेहास्पद वाहनों की अनिवार्य तलाशी ली जा रही है, और बिचौलियों द्वारा अवैध परिवहन को विफल करने के लिए कड़ी निगरानी की जा रही है। कर्मचारी अंतर्राज्यीय चेकपोस्टों पर वाहनों की गहन तलाशी ले रही हैं। अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर वाहनों को जब्त की जाएगी। अवैध व्यापारा मिलने पर प्रकरणों को छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम के अंतर्गत दर्ज किया जाएगा। कड़ी निगरानी को लेकर व्यापारियों एवं वाहन चालकों में खासी नाराजगी है। मंडी के निरीक्षक वीरेन्द्र दिल्लीवार ने बताया कि कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध व्यापार को विफल करने के लिए कड़ी निगरानी की व्यवस्था की गई है, जिसके लिए मंडी प्रशासन ने धनपूंजी बेरियर में कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

### त्वरण योजना के तहत बैंकर्स इन्वेस्टर मीट संपन्न

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण और क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को नई गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर कार्यालय के प्रेरणा हॉल में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम प्रदर्शन संवर्धन एवं त्वरण योजना के अंतर्गत बैंकर्स इन्वेस्टर मीट समन्वय बैठक एवं कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उद्योग विभाग के मुख्य महाप्रबंधक अजित सुंदर बिलुंग ने उपस्थित लीड बैंक प्रबंधक, बैंक प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं हितग्राहियों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने इस विशेष योजना के उद्देश्यों और इसके अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए जिले में स्थापित किए जा सकने वाले संभावित उद्योगों पर विस्तार से चर्चा की।

### कोड़ेनार बना ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम

**जगदलपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन और निरंतर जन-संवाद के सार्थक परिणाम अब धरातल पर दिखाई देने लगे हैं, जिसके फलस्वरूप जनपद पंचायत बास्तानार की ग्राम पंचायत कोड़ेनार ने ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम होने का गौरव हासिल किया है। इस परिवर्तन की नींव गांव की उन बुनियादी समस्याओं के समाधान से रखी गई, जहां बाजार और घरों से निकलने वाले कचरे के कारण ग्रामीण लंबे समय से परेशान थे। चूंकि स्वच्छता का सीधा संबंध खान-पान से होता है और दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं बाजार से आती हैं, इसलिए गांव को स्वच्छ बनाने की मुहिम की प्रभावी शुरूआत भी बाजारों से ही की गई। खुले में कचरा फेंकने की इस प्रवृत्ति को जड़ से खत्म करने के लिए प्रशासन ने सीधा मोर्चा संभाला, जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बास्तानार सहित ब्लॉक और कलस्टर समन्वयकों ने स्वयं मौजूद रहकर ग्रामीणों और स्व-सहायता समूह की महिलाओं से निरंतर संवाद स्थापित किया।

वनमंत्री ने पर्यटन विकास कार्यों की प्रगति देखी, प्रकृति संरक्षण को दी प्राथमिकता

# ठेमली आईलैंड प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप गंगरेल के ठेमली आईलैंड बोट से पहुंचे। उन्होंने यहां संचालित पर्यटन विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि ठेमली आईलैंड प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण स्थल है, जिसे पर्यटन की दृष्टि से विकसित करते समय पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है।

मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि ठेमली आईलैंड को सुनियोजित ढंग से विकसित कर इसे प्रदेश के प्रमुख ईको-टूरिज्म स्थलों में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे आने वाले समय में यह स्थान पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र



बनेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में स्थानीय प्राकृतिक स्वरूप को यथावत रखते हुए पर्यटकों के लिए सुरक्षित एवं आकर्षक सुविधाएं विकसित की जाएं। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष औषधि पादप बोर्ड विकास मरकाम, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी विकास योजना) अरुण पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने पर्यटन विकास को बेहतर और टिकाऊ बनाने के संबंध में अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए।

### रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे

इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने मंत्री को यहां प्रस्तावित पर्यटन विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि पर्यटकों की सुविधा के लिए पाथवे निर्माण, व्यू प्वाइंट, वॉच टॉवर सहित अन्य आधारभूत सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इन कार्यों से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

### क्षेत्रीय विकास को मिलेगी गति

वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने पर्यटन विकास से संबंधित कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि परियोजना में प्रकृति पर्यटन (ईको-टूरिज्म) की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार की गई हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी।

# सांकरा में नंदी मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा एवं रामायण 17 को

**नगरी।** सांकरा के नंदी चौक की पहचान नंदी की मूर्ति से हुआ करती थी। यह मूर्ति न सिर्फ चौक की रौनक थी बल्कि आसपास के लोगों और व्यापारियों की आस्था का केंद्र भी थी। कई व्यापारी ऐसे हैं जो नंदी महाराज से आशीर्वाद लेकर ही अपना कारोबार शुरू करते हैं। विभिन्न पर्व व धार्मिक उत्सवों के अवसर पर नंदी मूर्ति के आसपास खास माहौल रहता था लेकिन विगत दिनों नंदी चौक में पूर्व में स्थापित नंदी की मूर्ति को दूसरे स्थान ले जाया गया। उसके बाद से नंदी चौक के सभी दुकानदार चौक में सूनापन महसूस कर रहे थे। चौक का न सिर्फ नाम बल्कि पहचान भी नंदी के नाम पर थी। मूर्ति हटने से पहचान ही खो गयी थी। पुराना वैभव लौटाने के किए आसपास के लोगों व दुकानदारों ने बैठक लेकर चर्चा की, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नंदी चौक के पुराने स्थान पर फिर मूर्ति स्थापना की जाएगी। प्रस्ताव पारित करते हुए नंदी समिति का गठन किया गया। ग्रामीणों का सहयोग लेकर नंदी मूर्ति की स्थापना का निर्णय लिया गया ताकि कोई



व्यक्ति विशेष मूर्ति पर अपना अधिकार जताते हुए उसे अन्यत्र न ले जा सके। सांकरा के लोगों ने नंदी चौक में नंदी महाराज की फिर से स्थापना के लिए सहयोग का हाथ बढ़ाया, जिससे नंदी चौक में नंदी बाबा की मूर्ति बनकर तैयार हो गयी है। पश्चिम बंगाल के मूर्ति कलाकार को बुलाकर भव्य मूर्ति बनवाई गई है। 17 मार्च को पंडित डोमन प्रसाद द्वारा पूरे विधि विधान से वेदी पूजा का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। कार्य के सफल संचालन हेतु अध्यक्ष मनोज कश्यप, उपाध्यक्ष पवन साहू, कल्याण मत्स्यपाल, सचिव डिगेश्वर साहू, कोषाअध्यक्ष नेहरू साहू, मीडिया प्रभारी राजू साहू सहित नंदी चौक के व्यापारी व ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

# महिला शक्तियों ने खेलों में किया दमदार प्रदर्शन



- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इंडोर स्टेडियम में हुई खेल प्रतियोगिता
- महिलाएं समाज और राष्ट्र की प्रगति का महत्वपूर्ण स्तंभ : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इंडोर स्टेडियम आमातालाब रोड में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन और जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने कहा कि महिलाएं परिवार की आधारशिला होने के साथ ही समाज और राष्ट्र की प्रगति का महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर रामू रोहरा ने की। उन्होंने कहा कि आज बालिकाएं खेल सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर समाज में सशक्त पहचान बना रही हैं। विशिष्ट अतिथि नेहरू निषाद ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि महिलाएं शिक्षा, खेल, विज्ञान और प्रशासन सहित हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान जिले के 12 ग्रामीण अभ्यास केंद्र रांवा, संबलपुर, मुजगहन, रामपुर, दर्रा, सिंधौरीकला, अमलीडीह, हसदा, मारागांव, सांकरा, कुकरेल और दुगली को अतिथियों द्वारा सांकेतिक रूप से खेल सामग्री प्रदान की गई। योग, बैडमिंटन,टेबल टेनिस, शतरंज, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग और कराते में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मंच संचालन सुरेश साहू व आभार व्यक्त सहायक जिला खेल अधिकारी जगतपति देव ने किया।

# मारवाड़ी राजस्थानी गौड़ महिलाओं ने मनाया गणगौर उत्सव

- यह पर्व होली के रंगोत्सव धुलेड़ी से शुरू होकर 16 दिनों तक चलता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राजस्थान के प्रमुख पारंपरिक पर्वों में शामिल गणगौर उत्सव धमतरी में भी मारवाड़ी राजस्थानी गौड़ समाज की महिलाओं द्वारा उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह पर्व होली के रंगोत्सव धुलेड़ी से शुरू होकर लगभग 16 दिनों तक चलता है और नवरात्रि की तृतीया तिथि को इसका समापन होता है। इस दौरान सुहागिन महिलाएं अपने वैवाहिक जीवन की सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करती हैं, वहीं कुंवारी कन्याएं अच्छे वर की प्राप्ति के लिए पूजा-अर्चना करती हैं।

गणगौर बिदोरा के इस पारंपरिक आयोजन अंतर्गत महिलाएं विशेष रीति-रिवाजों के साथ पूजा करती हैं। होली के बाद बसोड़ा (ठंडा भोजन) बनाकर शीतला माता की पूजा की जाती है। गुड़ला पूजा का भी विशेष महत्व



होता है। प्रतिदिन शाम को महिलाएं एकत्रित होकर गणगौर के पारंपरिक गीत गाती हैं और नृत्य करती हैं, जिससे वातावरण भक्तिमय और आनंदमय बन जाता है।

इसी कड़ी में मंगलवार को धमतरी के श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में राजस्थानी गौड़ ब्राह्मण महिला मंडल द्वारा गणगौर बिदोरा (गुड़ला) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक गणगौर गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया और हाउजी गेम का भी आनंद लिया।

मौके पर मंजू शर्मा, आशा श्रोती, नीला शर्मा, राहुतला , बरिष्ठ शर्मा, अर्चना चौबे पूर्व महापौर, हेमलता राजेरिया, प्रियंका शर्मा, पूजा शर्मा, प्रतिभा शर्मा, पूजा, आरती शर्मा, प्रीति शर्मा, दुर्गा बंदौरिया, अनामिका शर्मा, अनीता चौबे समेत बड़ी संख्या महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे। यह आयोजन समाज में एकता, सांस्कृतिक परंपराओं और आपसी मेलजोल को बढ़ावा देने वाला साबित हुआ।

# महिलाएं परिवार और समाज की आधारशिला : चौबे



- महिला दिवस पर फौजी भाइयों की पत्नियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेना और सुरक्षा बलों में सेवा दे रहे फौजी भाइयों की पत्नियों को स्मृति चिन्ह, श्रीफल और गुलाब फूल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम सांकरा स्थित जरही माता मंदिर परिसर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य श्रीमती चौबे मैडम रहीं, जबकि अध्यक्षता संतोषी विश्नोई ने की। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त व्याख्याता घनश्याम सिंह साहू, जगदीश राम साहू, भोजराम साहू तथा सीआरपीएफ के जवान गिरिराज थे।

सम्मानित महिलाओं में संगीता साहू (नवागांव), ममता साहू (कंडेल), पिंकी साहू (बोड़रा), सीमा साहू (बोड़रा), कविता विश्वकर्मा (खरेंगा) और तारिणी (नवागांव) शामिल रहीं। सभी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए देश की सेवा में लगे जवानों के प्रति गर्व और आभार व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि श्रीमती चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं परिवार और समाज की आधारशिला हैं। उन्हें जागरूक रहकर देश सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं में भाग लेते हुए अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करना चाहिए तथा परिवार में अच्छे संस्कारों को बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम सिंह साहू ने किया। इस अवसर पर बसंत कुमार, रोहित, डेरहाराम, नीलकंठ, होलाराम, सोमन, सुलोचना, सुलेखा, अली, शिवचरण, डाली, फागू और इंद्रजीत सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# ग्रामीण क्षेत्र में हाथकरघा और कुटीर उद्योग रोजगार का मजबूत माध्यम : टिकेश

- बानगर में हाथकरघा प्रशिक्षण का समापन, 20 हितग्राहियों को मिली करघा मशीन व प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



ग्राम बानगर में छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग विभाग संचालनालय नवा रायपुर द्वारा समग्र हाथकरघा विकास योजना अंतर्गत चार माह के नवीन बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण उपसंचालक जिला हाथकरघा कार्यालय रायपुर के मार्गदर्शन में बिहान बुनकर सहकारी समिति मर्यादित परखंदा के माध्यम से 20 हितग्राहियों को दिया गया था।

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष सरपंच संघ टिकेश साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में हाथकरघा और कुटीर उद्योग रोजगार का मजबूत माध्यम है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम से युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है और गांव की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होती है। उन्होंने बुनकरों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने और अपने कौशल को आगे बढ़ाने की अपील की। विशिष्ट अतिथि सरपंच आनंद राम साहू, जनपद सदस्य श्रीमती कुलेश्वरी साहू तथा ग्राम विकास समिति बानगर के अध्यक्ष अशोक नेताम थे। इस अवसर पर जिला हाथकरघा कार्यालय रायपुर से पूर्णानंद चुरेन्द्र भी उपस्थित रहे। समिति ने बताया कि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से बुनकर समितियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 20 हितग्राहियों को हाथकरघा मशीन और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समिति प्रबंधक लोकेश कुमार साहू ने बुनकरों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की एमएसएमई योजना के तहत उद्यम पंजीयन, जेड सर्टिफिकेट, एनएचडीसी बुनकर कार्ड, बीमा सुरक्षा, वर्कशेड सह आवास, उन्नत उपकरण तथा बुनकरों के बच्चों को छात्रवृत्ति सहित उच्च शिक्षा के लिए भी छात्रवृत्ति की सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष मिनेश्वरी साहू, संचालक मंडल के सदस्य तिलेन्द्र साहू, अयोध्या देवांगन, लीलेश्वर साहू, प्रशिक्षक डेहर लाल, जपं कुरूद की परियोजना अधिकारी सविता यादव, पीआरपी अनुपा लोन्हारे, धर्मेन्द्र साहू सहित समिति के बुनकर और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# गायत्री परिवार ने खेली फूलों की होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में ब्लाक स्तरीय बैठक का आयोजन कर जन्म शताब्दी संकल्पों को पूरा करने का संकल्प लिया गया। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि गुरुदेव के सप्त क्रांति आंदोलन साधना, शिक्षा, नारी जागरण, स्वास्थ्य संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण, कुरीति उन्मूलन, स्वावलंबन के साथ आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी के साथ नशा मुक्त समाज की स्थापना पर विशेष कार्य करने पर जोर दिया गया। इसी क्रम में तरुण किरण को आईएएस एवार्ड मिलने पर उनकी मां गायत्री शक्तिपीठ धमतरी की प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी खिलेश्वरी किरण को गायत्री मंत्र शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। श्रीमती किरण ने कहा कि गुरुदेव की उनके एवं उनके परिवार पर विशेष कृपा रही है। इसके बाद होली गीत गाकर नृत्य कर फूलों की होली खेली गई। ब्लाक समन्वयक उगेश बंसोर द्वारा सत संकल्प पाठ किया गया। कार्यक्रम का संचालन युग पुरोहित नारायण कौशिक एवं आभार प्रदर्शन शेखन साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में चेतन साहू, डा रामचंद्र मेश्राम, एलके यादव, रामआसरा साहू, दिलीप पटेल, पुरुषोत्तम निर्मलकर, अनुसुईया सिन्हा, सुशीला छाटा, शकुन कश्यप, गायत्री साहू, मकसूदन मेश्राम समेत अनेक गायत्री परिजन उपस्थित थे।

# ढोल की थाप पर उड़े रंग गुलाल, कार्यकर्ता रंग में सराबोर रहे

**कुरूद।** भाजपा भखारा मंडल के तत्वावधान में होली मिलन समारोह उत्साह और रंगों के बीच आयोजित किया गया। कार्यक्रम में त्रिस्तरीय पंचायत एवं निकाय के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली खेली। ढोल की थाप और होली गीतों के बीच कार्यकर्ता रंगों में सराबोर नजर आए। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, नपं अध्यक्ष ज्योति जैन, जनपद



सभापति सिंधु बैस, आनंद यदु और मंडल अध्यक्ष रवि सिन्हा ने जनप्रतिनिधियों एवं संगठन से जुड़े लोगों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि अजय चंद्राकर जैसे दमदार नेतृत्व और समर्पित कार्यकर्ताओं के दम पर क्षेत्र तेज गति से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। हमें भी अपने क्षेत्र में ऐसा कार्य करना चाहिए जिसे लोग हमेशा याद रखें। पंचायत से लेकर संसद तक भाजपा की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सत्ता और संगठन में बेहतर तालमेल आवश्यक है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता हरीश चंद्राकर, छत्रपाल बैस, रामस्वरूप साहू, हरख जैन ने भी सार्वजनिक जीवन के अपने अनुभव साझा की। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति पूजा सिन्हा, टिकेश्वरी देवांगन, चंद्रिका साहू, पूर्णिमा साहू, चोवाराम गंजीर, अभिषेक साहू, विजय गोस्वामी, मनोज कश्यप, चेतन और योगेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खेलकूद में महिलाओं ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन


हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ज्ञान अमृत इंग्लिश हाईस्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रीति शांडिल्य राज्यपाल द्वारा पुरुस्कृत शिक्षिका धमतरी, विशेष अतिथि श्रीमती ज्योति लूनिया लायनेस क्लब धमतरी, श्रीमती पल्लवी बरडिया सहायक प्राध्यापक बी.सी.एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी थी। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार पाण्डेय ने की।

इस अवसर पर बच्चों के माताओं



के लिए विभिन्न मनोरंजन कार्यक्रम एवं गेम्स हुए। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि प्रीति शांडिल्य ने कहा कि आज की महिला मां के रूप में बच्चों को शिक्षा, नैतिक मूल्य और आत्मविश्वास देती है। वह करियर और घर दोनों संभालते हुए बच्चों को आधुनिक चुनौतियों का सामना करने की तैयारी करती हैं। पल्लवी बरडिया एवं ज्योति लूनिया ने कहा कि आज महिलाएं सशक्त हैं। वह न केवल अपनी परिवार की धुरी है, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति का आधार भी। प्राचार्य विनोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि मां बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास में पहले गुरु होती है आत्मविश्वास और अनुशासन प्रदान करती है। आज का कार्यक्रम महिलाओं की शक्ति उनके संघर्षों और समाज में उनके अमूल्य योगदान को समर्पित है। मंच संचालन शीतल सोनी एवं मुक्ति तिवारी ने किया।




## खबर संक्षेप

### गुहाननाला में गोंडवाना समाज का वार्षिक सम्मेलन 21 से

**नगरी।** आदिवासी गोंडवाना समाज सेवा समिति तहसील नगरी का तहसील स्तरीय दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन 21 एवं 22 मार्च को उपक्षेत्र दुगली के ग्राम गुहाननाला में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में समाज की बैठक गुहाननाला में आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान तहसील अध्यक्ष द्वारा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुगली को सम्मेलन की जिम्मेदारी सौंपते हुए सप्तरंगी गोंडवाना ध्वज प्रदान किया गया। आगामी सम्मेलन में समाज की रीति-नीति, कला, साहित्य, संस्कृति तथा सामाजिक एकता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। धर्मांतरण, नशामुक्ति, शिक्षा जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्वानों द्वारा अपने विचार समाज के बीच प्रस्तुत किए जाएंगे। सम्मेलन में सामाजिक प्रकरणों पर चर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं समाज की परंपराओं से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

# भुरकोनी में जनसमस्या निवारण शिविर, योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले के आकांक्षी विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम भुरकोनी में संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और उनका लाभ लिया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा ने की। इस अवसर पर जनपद सभापति दिनेश कुमार अग्रवाल, सरपंच सरिता राज सिंह दीवान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें और योजनाओं की जानकारी अन्य लोगों तक भी पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि संपूर्णता अभियान 2.0 के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से कार्य किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके और इन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। ऐसे शिविरों के माध्यम से उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। सीईओ जनपद पंचायत पिथौरा योगेश्वरी बर्मन के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड निर्माण, कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से संबंधित जानकारी व समस्याओं का निराकरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषित बच्चों की जांच, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। वहीं शिक्षा विभाग द्वारा नई शिक्षा नीति के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

#### महिला दिवस पर बैंक मेला का आयोजन

# 17 महिला उद्यमियों को मिला 14 लाख रुपए से अधिक का ऋण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



इंडियन बैंक द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिला दिवस के उपलक्ष्य में बैंक मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त तथा उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया गया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार के मार्गदर्शन में उक्त कार्यक्रम के दौरान शाखा प्रबंधक ऋचा, ब्लॉक बीपीएम रेखा, जिला पंचायत टीम के दिलीप (सा-धन), बैंक स्टाफ, बैंक मित्र तथा विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर लखपति दीदी योजना के अंतर्गत बैंक द्वारा 17 ग्रामीण महिला उद्यमियों को 14 लाख रुपए से अधिक का उद्यमी ऋण प्रदान कर वित्तीय सहयोग दिया गया। जिससे महिलाओं को अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लखपति दीदी तैयार करना, आजीविका संवर्धन को बढ़ावा देना, बैंकिंग सेवाओं की आसान पहुंच सुनिश्चित करना तथा स्वयं सहायता समूह और ग्रामीण उद्यमियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस दौरान बैंक अधिकारियों ने ग्रामीणों को ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री जनसुरक्षा योजना, डिजिटल भुगतान प्रणाली, ऑनलाइन ठगी से बचाव, सुरक्षित बैंकिंग के तरीके तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं और बैंकिंग उत्पादों की जानकारी दी। साथ ही समय पर ऋण भुगतान और डिजिटल बैंकिंग के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैंक मेले के माध्यम से स्थानीय समुदाय को सीधा लाभ मिला और ग्रामीण महिला उद्यमियों को बैंकिंग सेवाओं का सरल, सुलभ और विश्वसनीय अनुभव प्राप्त हुआ।

# अंतर राशि आहरण के लिए किसानों से हो रही वसूली : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

> ■ महिलाओं के लिए ना बैठने की जगह ना बाथरूम की, दिन भर पैसों के इंतजार में भूखे प्यासे रहे किसान



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने कहा है कि भाजपा सरकार के आने के बाद से लगातार किसानों को परेशान किया जा रहा है।

अंकित ने बताया कि भाजपाई अफीम की खेती कर करोड़ों कमा रहे हैं, भाजपा वरिष्ठ नेता कहते हैं किसानों को अंतर की राशि होली के बाद देनी थी, क्योंकि उन्होंने 300 करोड़ रुपये की शराब गटक ली। पहले किसानों के घरों में छापे मारकर उसे चोर सिद्ध किया अब ये बोल कर किसानों को शराबी भी बता दिया, उन्हें अफीम की खेती के फायदे बता रहे हैं। तो आखिर किसानों के साथ भाजपा चाहती क्या है?

अंकित ने बताया कि महिला किसान बैंक आती है, उन्हें शौचालय जाने तक कि व्यवस्था नहीं है, छांव नहीं है, जमीन में बैठना पड़ता है बैठने के लिए दरी तक नहीं है। अंकित ने कलेक्टर से निवेदन किया है कि पूरे जिले के समस्त बैंक ब्रांच में बड़ी संख्या में किसान पैसे निकालने आ रहे हैं, उनके साथ ऐसा सौतेला व्यवहार ना हो, उनके लिए छांव की व्यवस्था हो,और जब मालूम है कि किसान पैसे निकालने आएगा तो उसके लिए पर्याप्त पैसे बैंक शाखा में उप्लब्ध रहे।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संगठन मंत्री चुने गए भूमिल

## प्रांताध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर ने महासमुंद प्रवास के दौरान नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर ने जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान संगठन के पदाधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि छग शिक्षक संघ की मजबूती के लिए सदस्य संख्या बढ़ाते हुए हम और अधिक संगठन को मजबूत कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि ब्लाक इकाई संगठन रुपी बरगद की जड़ है एवं जिला इकाई शाखाएं एवं प्रांत एक वट वृक्ष है। अतः हम सभी को मिलकर अपने चार पुरुषार्थ राष्ट्र हित शिक्षा हित, शिक्षार्थी एवं शिक्षक हित की दिशा में कार्य करते हुए संगठन को सशक्त बनाना चाहिए। इस अवसर पर कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, उपप्रांताध्यक्ष टेकराम सेन एवं नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनिल पटेल के नेतृत्व में प्रांताध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर का गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। प्रांताध्यक्ष द्वारा जिला इकाई को और अधिक सशक्त करते हुए जिला इकाई की सहमति पर भागवत जगत भूमिल को जिला संगठन मंत्री का नियुक्ति पत्र प्रदान किया एवं सरायपाली ब्लाक इकाई में अनिल पटेल के जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर किशोर कुमार रथ को दायित्व दिया गया। इस अवसर पर पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी एवं उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने कहा कि छग शक्षक संघ का स्वर्णिम इतिहास रहा है। उन्होंने इसे बनाए रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्राचार्य पदोन्नति, एलबी का टैग हटाया जाना एलबी संवर्ग की सेवा गणना, सहायक शिक्षकों का द्वितीय समयमान व्याख्याता पदोन्नति, एचएम पदोन्नति, प्रभार वाद जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संघर्ष करते आ रहा है। उन्हरोंने बताया कि अन्य मुद्दों पर प्रांतीय इकाई द्वारा शिक्षा मंत्री छग शासन से मुलाकात की गई है। अविलंब मांगें पूर्ण होगी।

प्रांताध्यक्ष के आगमन के दौरान प्रमुख रुप से जिला अध्यक्ष अनिल पटेल जिला सचिव जयराम पटेल, भागवत जगत भगोलीराम साहू, रोहिणी देवांगन, लता वैष्णव पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा, मानिक साहू, डी. बसंत साव, सविता साहू, अनिता सिन्हा, प्रीति कर्माकर, टोहन देवांगन, शैलेंद्र नायक उपस्थित थे। बैठक का संचालन जिला सचिव जयराम पटेल एवं आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष अनिल पटेल ने किया।

### नोनी सुरक्षा योजना से मालती निषाद को मिला बेटियों के उज्ज्वल भविष्य का भरोसा

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन की नोनी सुरक्षा योजना बसना विकासखंड के ग्राम



सोनामुंडी की निवासी मालती निषाद के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर आई है। इस योजना का लाभ मिलने से अब उन्हें अपनी दोनों बेटियों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर एक नया आत्मविश्वास मिला है। मालती निषाद बताती हैं कि उन्हें इस योजना की जानकारी उनके गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से मिली। जानकारी मिलने के बाद उन्होंने अपनी दोनों बेटियों का पंजीकरण कराया। योजना से जुड़ने के बाद उन्हें यह भरोसा हुआ कि उनकी बेटियों का भविष्य अब पहले से अधिक सुरक्षित है। मालती कहती हैं, पहले बेटियों की पढ़ाई और भविष्य को लेकर चिंता रहती थी, लेकिन अब सरकार की इस योजना से मुझे हिम्मत मिली है। मैं अपनी दोनों बेटियों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाना चाहती हूं, ताकि वे आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। मालती निषाद जैसी कई माताओं के लिए नोनी सुरक्षा योजना किसी वरदान से कम नहीं है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लगातार जागरूकता फैलने से ग्रामीण क्षेत्रों में भी अधिक से अधिक परिवार इस योजना से जुड़ रहे हैं और बेटियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। मालती निषाद एवं अन्य लाभार्थियों ने बेटियों की भविष्य की सुरक्षा के लिए राज्य शासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है। उल्लेखनीय है कि नोनी सुरक्षा योजना महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2014 से संचालित की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की बेटियों को सुरक्षित भविष्य प्रदान करना, बालिका भ्रूण हत्या और बाल विवाह को रोकना तथा बालिकाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना है।

## कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने जिला साहू संघ की हुई बैठक

# कर्मा जयंती पर निकलेगी बाइक-कार रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



जिला साहू संघ की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार 11 मार्च को जिला अध्यक्ष गणेशराम साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कुरूद विधानसभा के पूर्व विधायक लेखराम साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में जिले भर से आए पदाधिकारियों और तहसील अध्यक्षों की उपस्थिति में आगामी संत माता कर्मा जयंती को भव्य रूप से मनाने के लिए विभिन्न प्रस्ताव और कार्ययोजना तय की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 मार्च को संत माता कर्मा के जन्मोत्सव पर जिला साहू संघ के संयोजन में भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सुबह 11 बजे विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जबकि दोपहर 3 बजे बाइक और कार रैली का आयोजन होगा। इसके लिए जिले के प्रत्येक गांव से कम से कम 20 युवकों को मोटरसाइकिल के साथ एकलव्य खेल परिसर में एकत्रित होने का आह्वान किया गया है। यहां से सभी श्रद्धालु मां विंध्यवासिनी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे, जिसके बाद रैली सदर बाजार होते हुए अर्जुनी चौक तक जाएगी और रुद्री रोड स्थित भक्त कर्मा माता की प्रतिमा स्थल पहुंचकर पूजा-अर्चना के बाद हेरिटेज भवन तक प्रस्थान करेगी। कार्यक्रम के अंत में समाज द्वारा फिल्मी कलाकारों का सम्मान भी किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि समाज के सहयोग से कई सामाजिक कार्य संभव हुए हैं। उन्होंने कहा कि उनके जिला अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार नेत्र शिविर का आयोजन किया गया था, जिसके लिए धमतरी जिले को शासन द्वारा विशेष पुरस्कार भी मिला था। उन्होंने समाज के लोगों को आयोजित होने वाली कर्मा जयंती रैली को ऐतिहासिक और भव्य बनाने का आह्वान किया। उन्होंने जिला साहू संघ धमतरी के कार्यालय के लिए 100 कुर्सियां देने की घोषणा की। बैठक में उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, महामंत्री विजय साहू, कोषाध्यक्ष संत कुमार, किरण लोकेश्वर साहू, कमलेश्वर साहू, अरुण साहू अध्यक्ष जिला युवा प्रकोष्ठ, वीरेंद्र साहू, यशवंत साहू, निर्मला साहू, रेखा साहू, अनीता साहू, रोशन साहू, लीलाराम साहू, घनाराम साहू, व्यापारी संघ जिला अध्यक्ष सीमंत साहू, तहसील सचिव हिरेंद्र साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष जागृति साहू सहित समाज के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पेंशनर समाज को मिली फाइबर चेयर

**नगरी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पेंशनर भवन नगरी में पेंशनर्स समाज द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने अपनी अध्यक्ष निधि से पेंशनर समाज के सामुदायिक भवन के लिए 100 नग फाइबर चेयर प्रदान की। अपनी अध्यक्ष निधि से साइकिल स्टैंड हेतु 200000 रूपए देने की घोषणा की। ज्ञात हो कि पेंशनर समाज द्वारा पूर्व में एक मांग पत्र के माध्यम से भवन में कुर्सियों की कमी से अवगत कराया गया था, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष ने महिला दिवस के अवसर पर चेयर उपलब्ध कराई। इसके साथ ही उन्होंने पेंशनर समाज सामुदायिक भवन के सामने लगभग 2 लाख की लागत से टिन शेड, मोटरसाइकिल स्टैंड निर्माण कराने की भी घोषणा की। इस अवसर पर पेंशनर समाज के सदस्यों ने नगर पंचायत अध्यक्ष का शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

### पेंशन को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 15 महात्मा गांधी वार्ड पार्षद एवं सभापति ईश्वरी संजय भोई एवं उनकी टीम द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। विगत 3 माह से विकलांग पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन जो शासन द्वारा प्रदान किया जाता था, वह अभी तक हितग्राहियों को नहीं मिल पा रहा है। कलेक्टर ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही प्रदान किया जाएगा।

# आयुक्त एवं उपायुक्त ने नक्शा सर्वे कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल एवं उपायुक्त पीसी सार्वा द्वारा शहर के मकेश्वर वार्ड में चल रहे नक्शा सर्वे कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सर्वे टीम से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और सर्वे कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।आयुक्त प्रिया गोयल ने कहा कि नक्शा सर्वे के माध्यम से वार्ड के भवनों एवं संपत्तियों का सही रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है, जिससे नगर निगम को योजनाओं के क्रियान्वयन और नागरिक सुविधाओं के बेहतर प्रबंधन में मदद मिलेगी। उन्होंने सर्वे टीम को कार्य में पारदर्शिता और सटीकता बनाए रखने के निर्देश भी दिए।



## खबर संक्षेप



### शहीद स्मारक में महिलाओं का होली मिलन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में होली मिलन समारोह देश के वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया गया। महिला समिति के सदस्यों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर, दो मिनट का मौन रखकर और गुलाल से होली खेलकर, शहीदों के बलिदान को याद करते हुए देशभक्ति की भावना के साथ यह पर्व मनाया गया। इस दौरान अंजना चंद्राकर, सरला सोनी, गायत्री साहू, केसरी साहू, ममता चंद्राकर, ज्योति चंद्राकर, संपदा चंद्राकर, सीमा वर्मा, पूर्णिमा निषाद, मोनिका पांडे, प्रणिता साहू पानू वर्मा आदि मौजूद रहे।

### धर्मेंद्र बने विधायक प्रतिनिधि

**महासमुंद।** तुमगांव के पूर्व



सभापति धर्मेंद्र यादव को नगर पंचायत तुमगांव विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। विधायक प्रतिनिधि बनने पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।

### विभिन्न बीमारियों का उपचार कल

**महासमुंद।** लभराखुर्द स्थित सोहम हॉस्पिटल में 13 मार्च शुक्रवार सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुलभ चंद्राकर उपलब्ध रहेंगे। जिसमें इको टेस्ट का लाभ ले सकते हैं। शिविर में बीपी की समस्या, चलने में हांफना, सोने में दर्द या दबाव, डिवाइस क्लोज़र, मधुमेह, पेसमेकर, वाल्वुलोप्लास्टी, उच्च रक्तचाप होना का उपचार किया जाएगा।

### भाजपा युवा मोर्चा जिला सहकोषाध्यक्ष बने राजा

**झलप।** भारतीय जनता पार्टी युवा



मोर्चा द्वारा झलप क्षेत्र के कार्यकर्ता राजा अग्रवाल को भाजयुमों सहकोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिला सहकोषाध्यक्ष राजा अग्रवाल ने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास और जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के माध्यम से युवाओं को संगठन से जोड़ने, पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने तथा क्षेत्र में जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए वे निरंतर प्रयास करते रहेंगे। राजा की नियुक्ति पर क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और युवाओं ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभेच्छा जताई है।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें सर्पदंश से मृत्यु होने पर बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम तेंदूकोना के मृतक ओमप्रकाश साहू की पत्नी कमला साहू के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# विद्यार्थी शोधशाला के समापन सत्र में विद्यार्थियों ने साझा किए कार्यशाला अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- परिकल्पना के आयामों की समझ प्रभावी और व्यवस्थित अनुसंधान की कुंजी है : डॉ . ए .करीम

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पांच दिवसीय विद्यार्थी शोधशाला का आयोजन 06 मार्च से 11 मार्च 2026 तक एस्पेक्ट्स ऑफ रिसर्च मेथोडोलॉजी : टूल्स, ट्रेंड्स, एंड टेक्नीक्स विषय में आयोजित है। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ रीता पांडेय विभागाध्यक्ष इतिहास, सहायक समन्वयक डॉ ईपी चेलक विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र, आयोजक सचिव डॉ मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र, रूसा प्रभारी प्रियंका सोनवानी, विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र है। पांचवें दिवस 11 मार्च 2026 को प्रथम सत्र के विषय विशेषज्ञ डॉ ए करीम रिटायर्ड प्रोफेसर एवं द्वितीय विषय विशेषज्ञ डॉ. एनके चक्रधारी एसोसिएट प्रोफ़ेसर भौतिक शास्त्र पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर मंचस्थ रहे। प्रथम सत्र के विषय विशेषज्ञ डॉ ए करीम ने अपने विषय के बारे में बताया की परिकल्पना के विभिन्न आयामों का अध्ययन शोध प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इससे शोधकर्ता स्वतंत्र एवं आश्रित चरों के बीच



संभावित संबंधों को स्पष्ट रूप से निर्धारित कर सकता है। विभिन्न आयामों के विश्लेषण से परिकल्पना की परीक्षण योग्यता, वैधता और विश्वसनीयता सुनिश्चित होती है। यह शोध की दिशा, सीमाएं तथा विश्लेषण की पद्धति को भी स्पष्ट करता है। इस प्रकार परिकल्पना के आयामों का अध्ययन वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित अनुसंधान की आधारशिला बनता है। डॉ एनके चक्रधारी ने बताया कि अनुसंधान में तकनीकें व आधुनिक तरीके होते हैं जिनकी मदद से डेटा का विश्लेषण और प्रस्तुतीकरण किया जाता है। समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. एनके चक्रधारी, विशेष अतिथि डॉ. ए. करीम एवं अध्यक्षता प्राचार्य करूणा दुबे रहें। डॉ रीता पांडेय ने विद्यार्थी शोधशाला कार्यक्रम की समीक्षा। समापन सत्र में विशेष योगदान हेतु जय कुमार राजा, डॉ रीता पांडेय समन्वयक, प्रियंका सोनवानी, आयोजन समिति के सदस्यों को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रमाण पत्र, व समस्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्रों से सम्मानित किया गया। पांच दिवसीय शोधशाला में डॉ रश्मि मिंज ने शोध के बारे में, डॉ ई पी चेलक ने अनुसंधान पद्धति के नवीन रुझान का अध्यन, डॉ मालती तिवारी ने शोध के महत्व, डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने शोध पत्र लेखन, डॉ देवेंद्र चाफेकर ने गुणात्मक शोध में ए आई चुनौतियां एवं संभावनाएं, आशुतोष पुरी गोस्वामी ने प्लैगेरिज़्म, डॉ संपा चौबे ने रिसर्च मेथेडोलॉजी, डॉ इंद्रपाल करभाल ने शोध के नए आयाम, डॉ दुर्गावती भारतीय ने अच्छे शोधकर्ता के गुण, डॉ अजय कुमार देवांगन ने ए आई टूल्स के शोध में उपयोग, डॉ राजीव मिंज ने उत्खनन के तकनीक, डॉ एस बी कुमार ने प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, डॉ ए करीम ने परिकल्पना के विविध आयाम, डॉ एनके चक्रधारी ने शोध प्रविधि टूल्स एवं टेक्निक विषय में विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान किया।

## आयोजन : कोमाखान महंत घासीदास संग्रहालय में राज्य स्तरीय पुरातत्व कार्यशाला संपन्न

# जिले की धरोहर संरक्षण पहल रही प्रमुख आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

महंत घासीदास संग्रहालय, रायपुर में 7 से 9 मार्च 2026 तक आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पुरातत्त्व कार्यशाला में महासमुंद जिले ने अपनी समृद्ध पुरातात्विक धरोहरों और संरक्षण प्रयासों के कारण विशेष पहचान बनाई। कार्यशाला का विषय जिला पुरातत्त्व संघों के निर्माण, उनकी कार्यप्रणाली तथा स्थानीय स्तर पर धरोहर संरक्षण को सुदृढ़ बनाना था। इसमें महासमुंद जिले का प्रतिनिधित्व डॉ. विजय शर्मा एवं केशरचंद्र बनपाल ने किया। कार्यशाला के दौरान विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की पुरातात्विक स्थिति और





संभावनाओं पर प्रस्तुति दी। जिले की ओर से दिए गए प्रस्तुतिकरण में जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रयासों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। प्रस्तुति में सिरपुर के विश्व प्रसिद्ध बौद्ध एवं प्राचीन स्थल, मोहंदी के शैलचित्र, माइक्रोटूल्स तथा प्राचीन पांडुलिपियों जैसी महत्वपूर्ण धरोहरों का उल्लेख करते हुए इनके संरक्षण और प्रचार-प्रसार की संभावनाओं को सामने रखा गया प्रतिनिधियों ने बताया कि जिले में पुरातत्त्व एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा समिति गठित कर पंजीयन की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई है। इसके साथ ही होमस्टे योजना, विरासत लेखन, गौरव गान, जनजागरूकता अभियान तथा कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय समुदाय को धरोहर संरक्षण से जोड़ने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

जिला संग्रहालय की स्थापना के लिए भेजे गए प्रस्तावों, पुरातत्त्व विभाग द्वारा विकास कार्यों में आवश्यक हस्तक्षेप, मेला बजट तथा अन्य योजनाओं के लिए वित्तीय सहयोग की आवश्यकता भी रखी गई, ताकि जिले की पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण, दस्तावेजीकरण और प्रदर्शन को और प्रभावी बनाया जा सके। विशेषज्ञों ने कार्यशाला में बताया कि जिलों में बिखरी हुई ऐतिहासिक धरोहरों की पहचान, संरक्षण और उन्हें व्यवस्थित रूप से प्रदर्शित करना जिला पुरातत्व संघों का प्रमुख दायित्व है। इसी दिशा में महासमुंद जिले द्वारा प्रस्तुत योजनाओं और पहलों को सराहना मिली। कार्यशाला के अंतिम दिन प्रतिभागियों को महंत घासीदास संग्रहालय का अध्ययन कराया गया तथा रीवा उत्खनन स्थल और मुक्तांगना के शैक्षणिक परिभ्रमण के माध्यम से पुरातात्त्विक स्थलों के संरक्षण और प्रस्तुतीकरण की व्यवहारिक जानकारी दी गई।

### दादा नकुलदेव ढीढी के 112वीं जयंती समारोह के लिए मुख्यमंत्री को दिया आमंत्रण

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ मुक्ति केंद्र के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री साय को 12 अप्रैल को महासमुंद जिले के भोरिंग चौक तुमगांव में स्थित दादा नकुलदेव ढीढी प्रतिमा स्थल पर आयोजित होने वाले 112वीं जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जयंती के अवसर पर आयोजित ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। इस दौरान महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की उपस्थिति में प्रतिनिधिगण के रूप में प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार ढीढी, प्रदेश सचिव प्रकाश टंडन, जिला अध्यक्ष सत्यानंद जेंड्रे, सचिन गायकवाड़, गुलाब साय, भागचंद चतुर्वेदी, जिला सचिव श्यामलाल मन्नाडे, अमित ढीढी, पोषणलाल बघेल, गेंदलाल जांगड़े, मेलाराम बंजारे, रामनंद मूर्ति, गोविंद चतुर्वेदी, भोलू ध्रुव मौजूद रहे।

# पेंशन राशि जारी नहीं, हितग्राहियों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने समाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत संचालित विभिन्न पेंशन योजना के 1400 से अधिक हितग्राही का दिसंबर 2025 से पेंशन राशि जारी नहीं होने को लेकर शासन को पत्र लिखकर तत्काल राशि जारी करने की मांग की है। नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में वृद्धा पेंशनरों की संख्या 234 इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशनरों की संख्या -337 सुखद सहारा योजना के हितग्राहियों की संख्या 558 और सामाजिक सुरक्षा पेंशनरों की संख्या 310 है। मुख्यमंत्री पेंशन योजना के 177 हितग्राही दिव्यांग पेंशन योजना 07 राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना 16 भी इसमें शामिल हैं। कुल मिलाकर, 1450 ऐसे हितग्राही हैं जिनकी आजीविका पेंशन पर ही निर्भर है।



बघेल ने बताया कि अनेक हितग्राही हर रोज नगर पालिका कार्यालय में पहुंचकर पेंशन की जानकारी लेने पहुंचते हैं तथा पेंशन नहीं आने की जानकारी पर निराश होकर वापस चले जाते हैं। खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल सरकार के प्रति आक्रोश जताया हुए कहा कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना सहित अन्य पेंशन का अक्टूबर माह के बाद से पेंशन का भुगतान नहीं हुआ है। करीब चार माह से पेंशन नहीं मिलने के कारण बुजुर्गों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पेंशन से ही उनके जीवन-यापन का मुख्य सहारा है, लेकिन कई महीनों से राशि नहीं मिलने के कारण वे भारी आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। पेंशन नहीं आने होने से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

दवा खरीदने, राशन लेने और अन्य जरूरी सामानों के लिए उन्हें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जिनकी आजीविका पेंशन पर ही निर्भर है। खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल कहा कि पेंशन न मिलने के कारण आम लोगों का भाजपा की गारंटी पर से विश्वास उठने लगा है। राज्य सरकार अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है, जिससे लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है सरकार से जल्द से जल्द बकाया पेंशन की राशि देने की मांग की है।

### नपाध्यक्ष व पार्षदों ने की एसपी से मुलाकात



**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू व नपा के सभापति, पार्षदों के साथ आज पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार से मुलाकात कर शहर में हो रहे शराब की अवैध बिक्री, सट्टा, ड्रग्स की खिलाफ विशेष अभियान चलाने की मांग की। ताकि, शहर कानून व्यवस्था मजबूत हो व युवाओं को नशे के गिरफ्त से बचाया जा सके तथा शहर में शांति व्यवस्था बनी रहे। इस अवसर पर सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, ईश्वरी भोई, जय देवांगन, गुलशन साहू, पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, राहुल आवड़े, धनेश्वरी सोनवानी, ओमिन टोमन कागजी सहित समस्त पार्षद गण उपस्थित रहे।

# कोमाखान के महादेवा धाम में गोंड समाज का आर्दश विवाह 13 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

बाघामुड़ा सर्कल के ग्राम छोटे खेमड़ा में कार्यकारिणी बैठक रखा गया। जिसमें सर्व प्रथम समाज के ईष्टदेव बूढादेव की पूजा अर्चन कर किया गया। इसके बाद सामाजिक चर्चा में संविधान व सामाजिक गति विधि रीति रिवाजों, नीति, संस्कृति समाज के उत्थान शिक्षा विकास आर्थिक विकास व सहायता आदि पर जोर दिया गया।

इस बैठक में 13 मार्च दिन शुक्रवार को आदर्श विवाह सर्कल बाघामुड़ा के आश्रित ग्राम कोचर्रा निवासी भानस ठाकुर के सुपुत्र मोहन ठाकुर गोत्र पालेश्वर एवं सर्कल कसेकेरा आश्रित ग्राम दरबेकेरा निवासी खिलावन ठाकुर की सुपुत्री तोमेश ठाकुर गोत्र सोरी के साथ बृजेश्वर महादेव महादेवा धाम कोमाखान में आदर्श विवाह का कार्यक्रम होगा। साथ ही बाघामुड़ा सर्कल के ओर से सप्रेम भेंट दिया जायेगा। यहां निर्णय समाज में लिया गया है। इसी बीच हेमलता ठाकुर पति स्व. टीकम

- सामाजिक चर्चा में संविधान व सामाजिक गति विधि रीति रिवाजों, नीति पर हुई चर्चा

ठाकुर एवं उनके सास तीन बच्चे के साथ अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ मुख्यालय रानी महल पिथौरा पंजीयन क्रमांक 2855 सर्कल बाघामुड़ा राज सुवरमार के समाजिक संविधान का पालन करते हुए समाज में अपने स्वेच्छा से सम्लित हुए। बाघामुड़ा अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ रानी महल पिथौरा राज सुवरमार सर्कल बाघामुड़ा का रिति निति से प्रभावित होकर शामिल होकर सदस्य ग्रहण किया। इस दौरान प्रमुख रूप से अध्यक्ष अरुण ठाकुर, उपाध्यक्ष खेमलाल ठाकुर, महामंत्री परसुराम ठाकुर, संयोजक गेसराम ठाकुर, सचिव रोहित ठाकुर, शिक्षा प्रभारी मनोज ठाकुर, पंच गण धनमंत्री, गैंद ठाकुर, भोला ठाकुर, लाला ठाकुर, रोहित ठाकुर, हेम सिंह, किशन ठाकुर, पप्पू ठाकुर, मठियार थानू राम ठाकुर, समाज दूत दौलत ठाकुर, सदस्यगण सोमलाल, संतराम, घांसी राम, धनसाय, मंतू, आशा राम ठाकुर, भानश ठाकुर एवं मीडिया प्रभारी तूफान दीवान समेत समाज के लोग मौजूद रहे ।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स दिल्ली में महासमुंद के लक्की यादव शामिल होने रवाना हुए

**महासमुंद।** नई दिल्ली में 9 से 13 मार्च तक आयोजित



विश्व पैरा एथलेटिक्स में शामिल होने वाली भारतीय टीम में जिले के राष्ट्रीय खिलाड़ी लक्की यादव शामिल होने 8 मार्च को रवाना हुए। लक्की ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भागीदारी करने के साथ ही 2022-23 में 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक एवं 400 मीटर व 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतने में सफलता हासिल किया है। वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक लगातार भागीदारी निभाते हुए विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स में क्वालीफाई किया। लक्की यादव के चयन कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू, उपसंचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे सहित फॉर्चून फाउंडेशन विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टॉफ ने शुभेच्छा जताई है।

# रासेयो राज्य स्तरीय कार्यशाला में जिले की सहभागिता

**महसमुंद।** राष्ट्रीय सेवा योजना, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग एवं युनिसेफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित पारा सुरक्षित लईकामन 3.0 के अंतर्गत किये गये कार्यों के आधार पर एकदिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 11.03.2026 को प्रातः 10:00 बजे से मंत्रालय, महानदी भवन स्थित पंचम तल में स्थित नवनिर्मित सभागार में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में टंकराम वर्मा शिक्षा मंत्री उच्च शिक्षा विभाग के मुख्य आतिथ्य में एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. संतोष कुमार देवांगन आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग छग शासन, डॉ भारतीदासन सचिव उच्च शिक्षा विभाग छग शासन, डॉ अशोक कुमार श्रोती रासेयो उप सलाहकार क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल (मप्र-छग), अभिषेक सिंग यूनिसेफ सलाहकार, एसबीसी चीफ छग, चेतना देसाई यूनिसेफ बाल संरक्षण अधिकारी छग, डॉ नीता बाजपेयी राज्य एनएसएस अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग छग शासन मंचस्थ रहे। जिसमें महासमुंद जिला से डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद, कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरस्वती वर्मा शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद, चुम्मन लाल निषाद, निर्मल बंजारे, शेखर कानूनगो, प्रकाशमणि साहू, स्वयंसेवक दिनेश कुमार साहू, टिकेश्वर साव सम्मिलित हुए।

कार्यशाला में राज्य में रासेयो गतिविधि डैशबोर्ड साइट का लॉन्च किया गया। अभिषेक त्रिपाठी एवं चंदन कुमार, वैभवी यूनिसेफ छग द्वारा सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन कार्यक्रम के बारे में किए गए कार्य को अपलोड करने एवं लोगों तक पहुंचाने के लिए एक्शन प्लान डिजाइन तैयार किया गया।

# सामूहिक दादा गुरुदेव इकतीसा जाप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आचार्य भगवंत मनोज्ञ सागर महाराज के स्वप्न को यथार्थ में बदलने चादर महोत्सव का आयोजन राजस्थान की पावन धरा जैसलमेर में गुरु भगवंत युग दिवाकर, राष्ट्र रत्न संत खरतरगच्छाचार्य जिनमणिप्रभ सागर महाराज साहब की निश्रा में 6- 7 -8 मार्च को मनाया गया और उन्हीं के आदेशों का पालन करते हुए पूरे विश्व में 7 मार्च दिन शनिवार को एक करोड़ लाख गुरु इकतीसा का जाप एक ही दिन हुआ। उक्त कार्यक्रम के तहत स्थानीय गांधी चौक शांतिनाथ भवन में जैन संघ के तत्वावधान में खरतरगच्छ महिला परिषद द्वारा संकट मोचन दादा गुरुदेव इकतीसा पाठ का आयोजन किया गया। खरतरगच्छ महिला परिषद की सभी सदस्यों ने अथक परिश्रम कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जैन समाज के एक-एक सदस्यों के साथ-साथ अन्य समाज के लोगों को तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी इस कार्यक्रम से जोडा तथा उन्हें आमंत्रित किया गया। निश्चित



समय में लगभग 500 लोगों ने एक साथ गुरु इकतीसा का जाप प्रारंभ किया। गुरु इकतीसा जाप उपरांत खरतरगच्छ महिला परिषद द्वारा महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, भारतीय जनता पार्टी के जिला के अध्यक्ष ऐतराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी रश्मि चंद्राकर, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल शर्मा प्रलय थिटे आदि का तिलक दुपट्टा एवं फल से सम्मान किया गया।

उद्बोधन में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि उक्त कार्यक्रम से व्यक्ति निर्माण तथा सामूहिक एकता की झलक दिखाई देती है। गुरु भगवंतो के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए महासमुंद की सुख समृद्धि की कामना की। उद्बोधन के बाद लकी ड्रॉ के माध्यम से उपस्थित लोगों में से कुछ विजेताओं को खरतरगचछ महिला परिषद तथा गुरुदेव भक्त मंडल के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

